BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....Hari Bhoomi........

Date ..28/08/2025........ Page ....12....... Column ....08.......

Subject ....श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज मे द्वितीय गणेश महोत्सव का भव्य शुभारम्भ।....

श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में द्वितीय गणेश महोत्सव का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर "द्वितीय गणेश महोत्सव" का शुभारंभ हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ किया गया। यह आयोजन 2 सितंबर तक चलेगा। कार्यक्रम में गणपति की प्रतिमा की स्थापना विधि-विधान के साथ की गई। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि, विवेक एवं समृद्धि का दाता माना जाता है।

रोहतक। बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में गणेश महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर गणेश प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. (डॉ.) एच.एल. वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार।

विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि गणेश महोत्सव भारतीय संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। डॉ. विनोद कुमार ने छात्रों और शिक्षकों से आह्वान किया कि वे इस उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लें। पूरे आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी सजावट और पुष्पों से सजाया गया था। महोत्सव का समापन 2 सितम्बर को सायं 3:30 बजे गणपति विसर्जन और विशाल शोभायात्रा के साथ होगा, जिसमें भक्तजन पारंपरिक संगीत के साथ बप्पा को विदा करेंगे।